**INDIAN SCHOOL SOHAR**
**TERM -II EXAMINATION (2022 - 23)**
**HINDI**

**CLASS: VII** **MAX. MARKS: 80**
**DATE: 09/03/2023** **TIME: 3 Hours**

सामान्य निर्देश:

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं – क, ख, ग और घ।
- चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- इस प्रश्न पत्र में कुल 14 प्रश्न हैं।
- प्रश्नों के उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न संख्या लिखना आवश्यक है।

## खंड -क (अपठित गद्यांश)

**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-** (10)

मनुष्य और प्रकृति का बड़ा ही गहरा संबंध है। मानव ने प्रकृति की गोद में जन्म लिया। प्रकृति ने मानव की सदा रक्षा की। प्रकृति का बहुत ही महत्त्वपूर्ण अंग है – 'वृक्ष'। हमारे जीवन में वृक्षों की मुख्य भूमिका है। जैसे-जैसे सभ्यता का विकास होता गया, वृक्षों की उपयोगिता बढ़ती गई। धीरे -धीरे मकान, झोंपड़ियों तथा कारखानों में लकड़ी का प्रयोग होने लगा।ईंधन के रूप में भी इसका प्रयोग किया गया। वृक्ष हमारे स्वास्थ्य के रक्षक हैं। ये वातावरण को साफ़ रखते हैं। वृक्षों की हरियाली हमारे मन को खुश करती है। कई वृक्षों की छाल और जड़ें अनेक प्रकार की दवाइयाँ बनाने के काम आती हैं। आज वृक्षों के बिना मानव जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। जब वृक्ष हमें असंख्य लाभ देते हैं तो हमें भी वृक्षों की सेवा करनी चाहिए। प्रतिवर्ष वृक्ष लगाने चाहिए और उनकी देखभाल कर धरती को फिर से हरा – भरा बनाने में सहयोग देना चाहिए।

**प्रश्न:**

(क) प्रकृति का महत्त्वपूर्ण अंग क्या है ?
(ख) मानव का जन्म किसकी गोद में हुआ है ?
(ग) वृक्ष हमारे स्वास्थ्य की रक्षा कैसे करते हैं ?
(घ) वृक्षों की लकड़ी का प्रयोग कहाँ -कहाँ होता है ?
(ङ) वृक्षों की छाल और जड़ें हमारे किस काम आती है ?
(च) हमें ऐसा क्या करना चाहिए जिससे हम वृक्षों का पूरा लाभ उठा सकें ?
(छ) 'वृक्ष' – के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।
(ज) 'हानि' और 'भक्षक' – शब्दों के विलोम गद्यांश में से ढूँढ़कर लिखिए।
(झ) 'ता'- प्रत्यय से बने किन्हीं दो शब्दों को गद्यांश में से ढूँढ़कर लिखिए।
(ञ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

## खंड -ख (व्याकरण)

**प्रश्न 2. निर्देशानुसार समास पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(i) 'शताब्दी'- शब्द कौन-से समास का उदाहरण है ? (1)

(क) कर्म तत्पुरुष समास (ग) द्विगु समास
(ख) करण तत्पुरुष समास (घ) संप्रदान तत्पुरुष समास

(ii) 'हाथों से लिखित'- समास विग्रह का समस्तपद होगा- (1)

(क) हाथलिखित (ग) हाथोंलिखित
(ख) हस्तलिखित (घ) हाथोंहाथ लिखित

(iii) 'घुड़दौड़' शब्द के लिए उचित समास-विग्रह और समास का चयन कीजिए। (1)

(क) घुड़ पर दौड़ - द्विगु समास (ग) घोड़ों की दौड़ - तत्पुरुष समास

(ख) घोड़े का दौड़ - तत्पुरुष समास (घ) घुड़ में दौड़ - द्विगु समास

(iv) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए। (1)

| **समस्त पद** | **समास** |
|---|---|
| (अ) देश का प्रेमी | (i) द्विगु समास |
| (ब) तीन रंगों का समूह | (ii) तत्पुरुष समास |
| (स) चार राहों का समूह | (iii) तत्पुरुष समास |
| (ड) सेना का नायक | (iv) द्विगु समास |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं ?**

(क) अ और ii (ग) स और ii

(ख) ब और iii (घ) ड और i

प्रश्न 3. **निर्देशानुसार मुहावरों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(i) 'लोहे के चने चबाना'-मुहावरे का अर्थ दिए गए विकल्पों में से छाँटिए। (1)

(क) तनिक भी नुकसान न होना। (ग) बहुत कठिन कार्य करना

(ख) भयभीत होना। (घ) जान की बहुत परवाह करना।

(ii) ताजमहल के सौंदर्य को देखकर सभी लोग -------------- लेते हैं।
रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उचित मुहावरा छाँटिए। (1)

(क) प्राणों की बाज़ी लगाना (ग) पाँव ज़मीन पर न पड़ना

(ख) टस से मस न होना (घ) दाँतों तले उँगली दबाना

(iii) मुहावरा और उसके अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए। (1)

(क) हाथापाई होना- बहुत रोना (ग) पीछा छुड़ाना- बहुत डरना

(ख) रूह काँपना- जान छुड़ाना (घ) नौ दो ग्यारह होना - भाग जाना

(iv) रेखांकित अंश के लिए कौन-सा मुहावरा प्रयोग करना उचित होगा – (1)
तुम <u>बहुत कठिन परिश्रम करके</u> पढ़ाई कर रहे हो, ईश्वर तुम्हें सफलता प्रदान करे।

(क) हवा से बातें करना (ग) दो नावों पर सवार होना

(ख) रात -दिन एक करना (घ) आँखों पर बिठाना

प्रश्न 4. **निर्देशानुसार क्रियाविशेषण पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(i) निम्नलिखित वाक्यों में क्रियाविशेषण पदवाला वाक्य होगा। (1)

(क) राजा की बेटी चतुर है। (ग) सूरज तीन केले खाता है।

(ख) मैं प्रतिदिन व्यायाम करता हूँ। (घ) माँ ने स्वादिष्ट भोजन बनाया।

(ii) 'मनोज को गृहकार्य <u>कम</u> मिला।' रेखांकित क्रियाविशेषण पद का भेद बताइए। (1)

(क) परिमाणवाचक क्रिया -विशेषण (ग) कालवाचक क्रिया-विशेषण

(ख) स्थानवाचक क्रिया- विशेषण (घ) रीतिवाचक क्रिया- विशेषण

(iii) नेहा ---------- पुस्तकें ढूँढ़ रही है।
रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उचित क्रियाविशेषण शब्द छाँटिए।। (1)

(क) हमारी (ख) सुंदर (ग) यहाँ (घ) कब

(iv) निम्नलिखित वाक्यों में किस वाक्य में रीतिवाचक क्रियाविशेषण का प्रयोग किया गया है ? (1)

(क) वह आज घर आएगी। (ग) सूरज किधर गया?

(ख) मोहन बहुत बोलता है। (घ) बैलगाड़ी धीरे -धीरे चलती है।

**प्रश्न 5. निर्देशानुसार उपसर्ग -प्रत्यय पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(i) ' सुकुमार ' - में प्रयुक्त उपसर्ग कौन-सा है? (1)

(क) सू (ख) कु (ग) सु (घ) कुमार

(ii) ' अन ' – उपसर्ग से बना शब्द छाँटिए। (1)

(क) अज्ञान (ख) अनमोल (ग) अनाथ (घ) अंतरात्मा

(iii) किस शब्द की रचना '**आई** ' प्रत्यय से हुई है ? (1)

(क) बीमारी (ख) बोली (ग) भलाई (घ) गुलाबी

(iv) ' इक ' – प्रत्यय किस शब्द में लगा है? (1)

(क) नायिका (ख) भिक्षुक (ग) गायक (घ) ऐतिहासिक

**प्रश्न 6** (i) ' अनुज ' का विपरीतार्थक विकल्पों में से छाँटकर लिखिए। (1)

(क) दनुज (ख) अग्रज (ग) अनुराग (घ) विराग

(ii) ' सुगंध ' – शब्द का विलोम विकल्पों में से छाँटकर लिखिए। (1)

(क) दुख (ख) सुबास (ग) दुर्गंध (घ) दानव

**प्रश्न 7.** निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए। (2)

(i) सुरेश, मालती और सीमा खाना खा रही हैं।

(ii) आज बहुत बारिश हो रहे हैं।

## खंड – ग (साहित्य)

**प्रश्न 8. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के लिए उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए।**

बचपन मुश्किलों से भरा रहा। हम बहुत गरीब थे। मेरे दोनों बड़े भाई हॉकी खेलते थे। उन्हीं के चलते मुझे भी उसका शौक हुआ। पर, हॉकी-स्टिक खरीदने तक की हैसियत नहीं थी मेरी। इसलिए अपने साथियों की स्टिक उधार माँगकर काम चलाता था। वह मुझे तभी मिलती, जब वे खेल चुके होते थे। इसके लिए बहुत धीरज के साथ अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता था। मुझे अपनी पहली स्टिक तब मिली, जब मेरे बड़े भाई को भारतीय कैंप के लिए चुन लिया गया। उसने मुझे अपनी पुरानी स्टिक दे दी। वह नई तो नहीं थी लेकिन मेरे लिए बहुत कीमती थी, क्योंकि वह मेरी अपनी थी।

(i) इस गद्यांश के पाठ का नाम लिखिए। (1)

(ii) ये पंक्तियाँ कौन, किससे कह रहा है ? (1)

(iii) धनराज के दोनों भाई क्या खेलते थे ? (1)

(iv) धनराज का बचपन कैसे व्यतीत हुआ ? (1)

(v) धनराज को हॉकी खेलने की प्रेरणा किससे मिली ? (1)

(vi) धनराज पिल्लै किससे हॉकी स्टिक उधार लेते थे ? (1)

(vii) ‘ शौक’- शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। (1)

(viii) कथन और कारण को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए। (1)

**कथन**: धनराज पिल्लै को अपनी पुरानी हॉकी स्टिक कीमती थी।

**कारण**: अब उन्हें किसी से हॉकी स्टिक उधार माँगने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

**विकल्प**

(क) कथन(A) गलत है परंतु कारण(R) सही है।

(ख) कथन(A) सही है परंतु कारण(R) गलत है।

(ग) कथन(A) और कारण(R) दोनों सही हैं।

(घ) कथन(A) और कारण(R) दोनों गलत हैं।

**प्रश्न 9. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए -** (5)

(i) संघर्ष (ii) संकल्प (iii) व्यंजन (iv) समझ (v) किसान

**प्रश्न 10. निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करते हुए अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए -** (5)

(i) आवाज़ (ii) दिन (iii) स्वाद (iv) ईनाम (v) स्वभाव

**प्रश्न 11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं 5 प्रश्नों के लघूत्तर दीजिए -** (10)

(i) 'शाम एक किसान'-कविता में कवि ने 'पहाड़ और आकाश' की तुलना किससे की है ?

(ii) 'एक तिनका'- कविता में कवि कहाँ और किस भाव में खड़ा था ?

(iii) 'फास्ट फूड' से क्या तात्पर्य है ? उदाहरण देते हुए समझाइए।

(iv) 'बसुरिया बाबा' नाम के सिद्ध संत ने वीर कुँवर सिंह में क्या भावना उत्पन्न की थी ?

(v) धनराज पिल्लै की पहली कार का नाम क्या था और उन्हें वह कार किसने दी थी ?

(vi ) वीर कुँवर सिंह के व्यक्तित्व की कोई दो विशेषताएँ लिखिए ?

**प्रश्न 12 . निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** (12)

(i) साक्षात्कार पढ़कर आपके मन में धनराज पिल्लै की कैसी छवि उभरती है ? वर्णन कीजिए

(ii) 'एक तिनका'- कविता से हमें क्या प्रेरणा मिलती है ?

(iii) खानपान की संस्कृति का मिश्रित रूप कैसे विकसित हुआ ?

(iv) वीर कुँवर सिंह को बचपन में किन कामों में मज़ा आता था ? क्या उन्हें उन कामों से स्वतंत्रता सेनानी बनने में कुछ मदद मिली ?

(v) 'धनराज पिल्लै ने जमीन से उठकर आसमान का सितारा बनने तक की यात्रा तय की है।' इस सफ़र का वर्णन कीजिए।

(vi) खानपान में बदलाव के कौन -कौन से फायदे हैं ? लिखिए।

## खंड -घ (लेखन)

**प्रश्न 13.** निम्नलिखित में से **<u>किसी एक विषय</u>** पर लगभग 50 से 70 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए :- (5)

(क) मित्र-अनमोल रत्न (ख) मेरा प्रिय त्योहार (ग) हमारा विद्यालय

**प्रश्न 14.** अपने मित्र को जन्मदिन की बधाई देते हुए पत्र लिखिए। (5)

या

'समय का महत्त्व' समझाते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए।

************************************